23/05/24

कार्यालय नजारत, जनपद न्यायालय बाराबंकी।

इश्तिहार न्यायिक अधिष्ठान परिसर में नजारत ब्लाक के पीछे एवं ए0डी0आर0 भवन के निकट 01 वृक्ष शीशम एवं न्याय भवन के निकट 01 वृक्ष चिलबिल सूखा खडा की नीलामी के सम्बन्ध में–

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि न्यायिक अधिष्ठान परिसर में नजारत ब्लाक के पीछे एवं ए0डी0आर0 भवन के निकट 01 वृक्ष शीशम एवं न्याय भवन के निकट 01 वृक्ष चिलबिल सूखा खड़ा की नीलामी दि0 30.05.2024 को समय 1:30 बजे न्यायालय जनपद न्यायाधीश के सामने स्थित लॉन में सम्पन्न होगी। बोली बोलने वाले व्यक्ति को निम्नलिखित शर्तो का अनुपालन करना अनिवार्य होगा–

1. नीलामी में वही व्यक्ति सम्मिलित होगा, जो बोली प्रारम्भ होने से पूर्व नजारत में रू0 500/– बतौर धरोहर नगद रूप में जमा करेगा।

2. बोली बोलने वाले व्यक्ति को बोली जितने धनराशि में समाप्त होगी, उसे पूरा धन नगद रूप में तुरंत जमा करना होगा।

3. बोली बोलने वाले व्यक्ति को नगद धन जमा करने के पश्चात ही लकडी को हटवाना होगा तथा उससे सम्बन्धित मलबा भी तुरन्त साफ करना होगा।

4. बोली प्रारंभ होने के पूर्व नीलामी की विषय वस्तु को नीलामी में प्रतिभाग करने वाले व्यक्ति द्वारा न्यायालय के कार्य दिवस में निरीक्षण कर सकता है। बोली जो सामग्री जहाँ है जैसी है उसी के आधार पर प्रारम्भ होगी।

5. माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय, बाराबंकी को यह अधिकार होगा कि वे किसी भी व्यक्ति की बोली को स्वीकार कर सकते हैं, निरस्त भी कर सकते हैं तथा दूसरे व्यक्ति को इसके विरूद्ध किसी प्रकार की आपत्ति करने का कोई अधिकार नहीं रहेगा।

6. नीलामी में भाग लेने हेतु प्रत्येक व्यक्ति को अपना आधार कार्ड, पहचान पत्र तथा निवास प्रमाण पत्र जो प्रथम श्रेणी मजिस्टेट द्वारा निर्गत किया हो, प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी वन एवं वन्य जीव वन प्रभाग, बाराबंकी द्वारा उक्त वृक्षों का मूल्यांकन कर मूल्यांकन रिपोर्ट प्रेषित की है, जिसका विवरण निम्न प्रकार है–

क0 सं0	प्रजाति	गोलाई (मी0 में)	व्यास वर्ग	वृक्ष की दशा	S/F/U	मूल्यांकित धनराशि
1	2	3	4	5	6	7
1	शीशम	1.10	30–40	सूखा खड़ा	नाकाबिल	2150.00
2	चिलबिल	1.20	30–40	सूखा खड़ा	नाकाबिल	400.00
					योग	2550.00

21.05.24
(रूचि तिवारी)
सदस्य,
नीलामी समिति/
अपर सिविल जज (सी0डि0),
न्यायालय सं0 20, बाराबंकी।

Amit Singh 21/5/24
(श्री अमित सिंह I)
सदस्य,
नीलामी समिति/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
न्यायालय सं0 08, बाराबंकी।

21/05/24
(राजीव महेश्वरम)
अध्यक्ष,
नीलामी समिति/
विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट
न्यायालय सं0 44, बाराबंकी।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को अपलोड एवं प्रकाशन हेतु प्रेषित।

1.न्यायालय की वेवसाइट पर अपलोड करने हेत।

2.जिलाधिकारी/एन0आई0सी0 की वेवसाइट पर अपलोड करने हेतु।

जनपद के समस्त मुख्य कार्यालयो के नोटिस बोर्ड पर चस्पां करने हेतु।

1. कार्यालय जनपद न्यायाधीश, बाराबंकी।
2. कार्यालय जिलाधिकारी, बाराबंकी।

SO to do the needful
23.5.24

Contact Name:- Pradeep Kumar Srivastava, Central Nazir
Contact Email:- dcbri@allahabadhighcourt.in
Contact No. :- 7860516360
Publishing Dt.:- 21.05.2024
Closing Dt.:- 30.05.2024